With a promise of protection

Instead of a tower he envelopes me in a bubble of soothing peace.
Reminding me to view the world in its transparency and purity.

But life is anything but a fairytale
My envisioned happily ever after
Was it really it?
Or is there something more ...

~ Sakshi Goel
B.M.S
2nd Year

Possession

Possession is a strong word
And an even stronger feeling
It engulfs me like a toad swallowing a fly
The bubble of protection
now just a claustrophobic mess
Taking me deep into the depths of Bermuda
His once awakening green orbs
now feel like poison Ivy

He keeps his promise of protection
by making me his possession
And all I can do is drown myself in the misery of debt
He chains me through his debt of my freedom

For he has done nothing wrong
In fulfilling his promises of passion and love
Now, sitting in the depths of my sorrow
A seed of rebellion has sown itself
Gradually building me to my release.
Enough, a piercing noise echoes through me
Bursting the bubble of ignorance
After a journey in this merry go round
It's time to break free from this
Endless cycle of dependency.

~ Sakshi Goel
B.M.S
2nd Year

Freedom

Another cocoon is going to burst
in these human forests of denseness
A naive caterpillar is going to free itself
From this unyielding torment
Because this is not my home
But just another pit of darkness
Every struggle and every piece of hatred
Is the engine to my flight and
All the colors on my wings
Are nothing but a badge of honor
Now, the dependency of my heart
Fades with each crack
Made in the hollow walls of promise

The poison of the worldly lies
Is finally replaced with the sweet nectar
of the innocent blossoms.
With the fuel of past and
The scope from future
I am ready to fly,
not high but

In the deepest shallows of the world
The only place which symbolizes
Growth
Freedom
Strength...

~ Sakshi Goel
B.M.S
2nd Year

Procelain

The Sun shines in vain
I see it gray
Waking up again from a dream
And to know which will never be a reality

Sky of desires
Full of vultures
They are waiting for another careless moving
So they can attack me like a defenseless little being

I'm afraid to leave the room
I'm afraid they'll get caught...

As porcelain dolls shattered on the floor
The morning light casts a shadow on the door
But this is not the glow I wanted
Not what I painted in my heart, not the glitter I need

Sky of desires
Full of vultures
They are waiting for another careless moving
So they can attack me like a defenseless little being
As porcelain dolls shattered on the floor
The morning light casts a shadow on the door
But this is not the glow I wanted
Not what I painted in my heart, not the glitter I need

~ Sahil Chauhan
B.Sc. (H) Electonics
2nd Year

Song

Oh hey! Oh hey!
Play that song again
The one they used to play
To its rhythms I would sway
As a child with braided hair
A little lost, without a care

Oh hey! Oh hey!
Play that song again
The one they used to play
To its rhythms I could sway
With its lyric I became
A soulful lover, a lonely dame

Oh hey! Oh hey!
There's that song again
The one I used to play
To its rhythms I would sway
But I left it at the bay
When my innocence swept away
When my dreams went astray
When my mind would often betray
When I got busy growing up each day.

Oh hey! Oh hey!
Where's that song again
The one I used to play
To its rhythms I did sway

Through my life it held my way
My blessing, my hopeful ray
Dear song don't go away.

Oh hey! Oh hey!
Find my song again
The one that I played
To its rhythms I once swayed
A little prayer that's gone away
Freed my soul once
Now ask it to carry me away
For my fading breath,
Some peace only it can lay.

~ Shailja Kaushik
B.A. English (H)
2nd Year

The Shooting Star

(In context to Uighur Muslims in China; a poem about the children of refugees)

I look at a light ray up above
trying to catch it with my scarred red hands
But it slips through my fingers sans warmth
Just like the people standing far away
Waiting to beat us, waiting to help us "learn";
waiting to get us all
My heart bleeds and my eyes rain
the sad yet well-woven tale of a hundred goodbyes;
without goodbyes
I yearn as I sleep beside two logs
Crying for the warmth of mama's hugs
I yearn for that morning sun
But alas! It is the morning moon that shines on me
Devoid of warmth, devoid of light
Devoid of a single ray from the hundred billion I
yearn for
Yet in the darkness there flashes a light
Bit by bit I grab it all; My mouth opens and my
hands stretch out
As through the broken wall to the empty sky, I see
the twinkle in mama's eyes (once more),
She falls down as a shooting star and makes me feel
loved
(just as I had last felt in what seems like a billion
years ago)
As that evening she was patting my hair, singing
"Lavender's blue"
"When will I meet you, mom?" I whisper to the
shooting star
As the sky above welled up with tears galore
"Wait for me my love" she whispers in silence
"Alright now tell me; how does it feel,
my love,
when a raindrop trickles down your face to say
hello?"
And finally, my day has come, starved of love, of
warmth; of everything
I shall go but alas! Who will cry? (not even me)
As sleep kisses, the tired eyes and a familiar voice
sings a distant lullaby
A black curtain starts pulling over
But I try to pull back! But slowly relax as I realise
All but the world will be sad without me.

~ Sneha R
B.A. English (H)
2nd Year

Take Me Places

You hold my hand tighter than anyone else
So tightly that it made me realise
That you were the little one who had the
expertise
To heal the battered and the broken me
The old me I thought I could never be
Before you came and took me in your fold
I used to cry and cry (as I wanted to die)
To escape from all of those fiends
All the pain, all the disappointments; painful
flashbacks
Forever so that I won't be sad ever again
Going with you (in the car) as you sit holding
my hands
I look outside as the trees pass by
A thousand memories with you come flashing
by
Each one, adding a sparkle to my otherwise
dim eyes,
Each one as pure as the dew drops in the sky
She takes me places; yes, she does
Into the world which can never be mine
But still gives me the portal to that world
Where that my heart unites with my mind
For once in my life.
I could see dew drops again not my tears
Those salty sad things that flow down my face
Seem non-existent when she comes by
Looks into my eyes and takes me in
Into the world full of her fantasies
Far away from the reality which butchers me
But how long will she be (with me)
Forever please; my heart yearns
But time is a magical thing
People fade away; but not memories
The golden memories just don't stop rushing
back in
Just as I let that butterfly(golden) fly away
With that salty thing in my eyes I felt I would
fade away
But a goodbye isn't the end as I carry with me
traces of her
As the butterfly keeps flying in the paradise
The paradise of my heart and the garden of my
soul
With the blooms, the beautiful.

~ Sneha R
B.A. English (H)
2nd Year

I am a woman,
And inside me is a forest.
Shrouded in mystery,
It is a place of wonder.
Wild and dangerous,
But full of adventures.
There lives a little girl,
Braiding ideas and stitching plans.
Weaving words into glorious tapestries,
Cooking in her mind,
Curious arguments and epiphanies.
Free from inhibitions,
Seeking no validation,
She strives with an unquenched thirst of knowledge.
With eyes like that of a gazelle,
Wandering in the woods,
Is my little rebel.
I am a woman,
Taken by the society.
A hostage to their expectations,
I suffocate everyday,
To let my little rebel breathe.

~ Eashani Sharma
B.A. English (H)
2nd Year

Someone left the office windows open today. In the evening when everyone had left, a little bird flew in gently and sat on the glistening window panes. This event was being recorded by the CCTV camera that was placed in that section. The bird stared at the mundane world, somewhat lost, without any hindrance caused by humans or, for that matter, the glass screen.

For a bird, it sat unusually still, glancing here and there only a couple of times. Time had been too hard on that insignificant creature. The tough situations that it had encountered over the past years, compelled it to live a life of terror. Humans had made survival difficult.

The tree branch it built its nest on, was ruthlessly sawed to build nests for humans. The unborn eggs that were awaiting life, were murdered before they could see this vast world. A catastrophe!

As if this wasn't enough, the other birds that had been migrating to that area were killed during the journey due to the inappropriate weather and toxicity levels of the atmosphere. The little bird waited and waited. It had been long before it realized that loneliness has crept and life now, will be nothing but misery and sorrows.

There was no place it could go and spend what's left of its life, peacefully. The little bird was officially devastated. It had no companions, no home, no food, no hope.

With a light body but heavy heart, the bird pecked its feathers and hopped once, before spreading its wings towards the poisoned sky.

These feelings and emotions were, however, not caught in the CCTV footage.

~ Kashish Bansal
B.A. Prog.
3rd Year

The Letter of Love

Darling,

We haven't been talking for a couple of weeks, our conversations have been mere nods and random hums at each other. We mostly haven't been acknowledging each other's existence since that day. I know I should have said something, but words wouldn't come out for two reasons – one, I'm afraid I'll say the wrong thing; and two, I don't know how to process your confession. I didn't know how to talk to you, so I'm writing you this, I hope you don't mind. I'm sorry I didn't notice your internal struggle over your identity for the past sixteen years. Now that the truth is out in the open, I remember all those days how you were frustrated about things and I would just brush them off because you were just going through puberty and so I knew these hormonal changes occurred. Maybe I should have been more careful, I should have looked a you like I really looked at you. I could only imagine whatever you were going through these years and as a mother, I should have done something. You have been in your bed mostly for the past few weeks and I have been near your door, hearing your soft sobs and even though I wanted to come inside and give you the tightest hug, I knew I could never understand your pain and I felt like I had to punish myself for my ignorant mind. Perhaps you will forgive me for being so stupid sometimes, I didn't know what to say that night so I just said, "It's all in your head, it isn't real - go to your room and stop thinking about it", and you fought back and we just started ignoring each other. I didn't want to lose you as my child and whatever you were doing scared me, and now I realize the only way that I won't lose you is if I accept you for who you were. You always wanted to play with my makeup since you were a baby and I let you because you were a child and you didn't know anything, but it frightened me when you said you wanted a make-up kit for your thirteenth birthday and not a PlayStation like all of your friends. I took you away from all those 'girly' things and made you play outside with your friends but you always found excuses to not go. When you came home last week wearing a Kurti and red lipstick and you smelled of jasmine flowers, it reminded me of all those men who dressed up as women in the movies. I was scared that you were out of your mind. Then you explained, "Mamma, I am a girl. I am not a boy. I want to marry a man and I want to wear makeup and I want to live and not feel guilty about it". I was shaking and I didn't know what to feel about it. You said you wanted me to call you Tanya and not Prakash anymore. It didn't make any sense, I named you that. You were my son for all these years but here you were, wanting to be something else.

I regret thinking that now. I can't stop thinking about how you kept everything inside and although I said that you could talk to me you didn't because I was clearly not a safe space for you which I can understand now. I have been reading about everything you said and even though I wouldn't know everything about it, I will listen. I will learn. Please give your Mamma time. I promise that you are not alone in this world. You are still the light of my life and you always will be no matter what. When you were born, I was so happy and glowing and your father kissed your forehead and said to me, "we will give him whatever he wants" ,and we will. I am sorry that I am taking so much time, I am sorry for hurting you and making you think that I am not accepting enough. I love you, you are my baby and you are my Tanya. I will always love you, so be yourself and don't let anyone tell you otherwise. Also, you need to wear a different shade of foundation, that is NOT your colour.

Love,

Mamma.

~ Meghna Ravi
B.A. English (H)
2nd Year

The sun rose with a golden glow, filtering through the mackerel clouds signaling the end of the reign of the dark-starless sky. Howling wind came thrashing through the boughs of treetops, agonizing their moans as they wobbled under its pressure. As the wind became more feral, a mystic winged creature which went by the name Peripas appeared gliding through the dissipating fog, shivering against the wind, reneging the dogma with its free soul. It alighted near the murky castle with a causeway that crossed the moat which was slick with moss and algae, painting it an eerie green.

It was believed that Iynx was imprisoned there in the metal ribs of inhibition, kept under the security of an old key keeper - who had a fringe of grey-white hair around his balding, mottled scalp. He made sure that the seed of hope and freedom of thought would never be implanted in the kingdom of misery and tyranny.
But, as Peripas alighted to the metal rib of Iynx, it witnessed the very appeal of Iynx - the light crimson shade of the skin, covered with porcelain feathers. And as the wind swayed the jet black hair on its forehead, Peripas could feel its heart throbbing. It wanted to set Iynx free of all the dogma but as it flapped towards it, it could feel the vividness of the trapping murky castle attracting to its cause, closing in on Peripas.

~ Porush Puri
B.M.S.
3rd Year

ART
GALLERY

PIYUSH YADAV

B.SC. PHY. SCI. CHEMISTRY 2ND YEAR



DIPANSHU

B.SC. (H) ELECTRONICS 2ND YEAR

PIYUSH YADAV

B.SC. PHY. SCI. CHEMISTRY 2ND YEAR



ALOK KUMAR

B.COM. (H) 1ST YEAR

SANYA BOUNTRA

B.COM. (H) 1ST YEAR



ALKA SINGH

B.A. (PROG) 3RD YEAR

SANYA BOUNTRA

B.COM. (H) 1ST YEAR

SAKSHAM JAMWAL

B.SC. (H) BOTANY 2ND YEAR



YASHIKA JINDAL

B.SC. (H) ZOOLOGY 1ST YEAR



SAKSHAM JAMWAL

B.SC. (H) BOTANY 2ND YEAR



SAURABH YADAV

B.SC. (H) ELECTRONICS 1ST YEAR



SAKSHAM JAMWAL

B.SC. (H) BOTANY 2ND YEAR



PULAK JAIN

B.A. ENGLISH (H) 3RD YEAR



PULAK JAIN

B.A. ENGLISH (H) 3RD YEAR

ROHIT BENJWAL

B.SC (H) PHYSICS 2ND YEAR

रचनात्मक लेखन

भाग - २

माफ़ी की गुजारिश

हां हुई गलती हमसे जो
माफ़ी मांगकर उसके जवाब के
इंतज़ार मै था,
कम से कम उसकी चुप्पी का कारण
तो पूछना चाहिए ही था।

कोई बताये उसको कि
उसकी चुप्पी के कारण मन मै हज़ार
आये,
कही गुस्सा बाढ़ ना जाये इस डर से
कारण पूछ ही ना पाए।

इंतज़ार आज भी है,
डर आज भी है ,
हां हुई गलती हमसे है, पर आपसे माफ़ी कि गुजारिश भी है।

~ Shubham
B.Sc Physical Sci. CS
2nd Year

तुम्हारी याद आती है

वो मेरी रात का सूरज थी,
मैं उसकी सुबह का चाँद था
यानी हम थे तो वहीं, बस कभी दिखे नहीं
हम एक दूसरे पर नज़र मारते भी थे,
तो नज़र अंदाज़ होने
या नज़र अंदाज़ करने के लिए
इसी तरह हम ने कई मौसम साथ में काटे थे
उसकी तरफ़ से कुछ किरणें आकर
मुझे सुबह जगाने का काम करतीं थीं
और मेरे यहाँ से कुछ तारे
रोज़ रात उसे लोरियाँ सुनाकर सुलाया करते थे
हम दोनों ने कुछ बारिशें भी साथ में देखीं
पर अफ़सोस
कभी भी उनमे भीग जाने का मौका नहीं मिला
हाँ पर एक चीज़ थी
जो बारिश के रुकते ही हमें जोड़ दिया करती थी
वो इन्द्रधनुष,
जो मेरी खिड़की से निकलकर उसकी छत तक जाता था
और उसके कानों में चुपके से जाकर
कह देता था कि
सुनो - "तुम्हारी याद आती है"

~ Rishi Suri
B.Sc (H) Chemistry
2nd Year

हर सम्त लोग अपने ईमान की फ़िकर करेंगे
वो अपनी शदीद सुरमई आंखें जिधर करेंगे

पैदा नहीं रोटी अपनी आवाम ए वतन को
तख्त नशीं दूसरों को ज़मीं मयस्सर करेंगे

भीगी जुल्फें बिखरे ले रहीं हैं तपिश धूप की
आज मकीं बहिश्त के भी नज़रें इधर करेंगे

अगर फट पड़े अब्र मेरे सब्र ओ ज़ब्त के
न हिफ़ाज़त करेंगी तेग ना ज़िरहबख्तर करेंगे

हम कुछ इस तरह जताएंगे नाराज़गी अपनी
बात तो करेंगे लेकिन बोहोत मुख़्तसर करेंगे

हमें आदत है अश्क देख अश्क हो जाने की
कोशिश नाकाम है,क्या खुद को पत्थर करेंगे

मेरी रागों में नहीं मौजूद कुछ सिवाय इश्क़ के
आप अपनी शमशीर मेरे लहू से कैसे तर करेंगे

जहां मिलेंगे मुरीद मासूमियत के उनकी
उनके दिए ज़ख्मों की नुमाइश उधर करेंगे

यक़ीन, फ़ुर्सत, हमदर्दी सब को दफ़्न करके
अपने कूचा-ए-दिल को दिल्ली शहर करेंगे

हम हो चले हैं असीर ए इश्क़ किसी के
यारों अब ज़िंदगी किस तरह से बसर करेंगे

बा खुदा जंग छेड़ बैठोगे खुद के साथ, अगर
तुम्हारा सलीक़ा कभी तुम्हारी नज़र करेंगे

~ Anas Saifi
B.Sc (H) Electronics
2nd Year

विश्वास

विश्वास की बातें करने वालों, क्यों भूल जाते हो इस बात को,
किसी का दिल तोड़कर, खो देते हो तुम किसी खास को।

विश्वास के नाम पर धोखा देना आसान लगता है,
टूटे हुए दिल को हर इंसान हैवान लगता है॥

दोस्ती के नाम पर सामने तो बनते है बहुत ही मीठे,
लेकिन पीठ के पीछे कड़वाहट के बीज क्यों है बोते।

फूल नही बन सकते गर तुम,कांटे भी कभी मत बनना,
विश्वास के नाम पर कभी गलती से भी न ठगना।

समय की मार तुम सहन न कर पाओगे,
अपना नाम तुम खुद मिट्टी में मिलवाओगे।

विश्वास हर रिश्ते की बुनियाद है,
इसे तोड़ने वाले सबसे ज्यादा बर्बाद हैं।

विश्वास के नाम पर हमने अपने आप को बहुत ठगवा लिया,
अब और नही, बस सबसे इंतक़ाम लेने का समय आ गया।

खुदा कभी न माफ करेगा धोखा देने वालों को,
कुत्ते की मौत मरेगा, जिसने धोखा दिया अपने यारों को।

विश्वास के नाम पर खंजर घोंपने वाले तो बहुत मिल जातें है,
मरते दम तक साथ देने वाले बहुत ही कम लोगों को मिल पाते हैं।

विश्वास ऐसी बुनियाद है इक, जो तोड़े वो शैतान है,
हम तो वो इंसान हैं, विश्वास ही जिसकी शान है।

ज़िन्दगी में कुछ भी कर, बस किसी का विश्वास मत तोड़,
ज़िन्दगी बहुत छोटी है मेरे दोस्त, इतना अभिमान मत कर।

~ Abhimanyu Garg
B.A. Prog.
1st Year

लफ्ज़ों में ज़रा सी रवानी चाहिए
फराज़ की थोड़ी मेहरबानी चाहिए

ज़माने को तलब है उसके होंठो की
मेरे होंठो को उसकी पेशानी चाहिए

ये ज़िंदगी तो गुज़र गयी जद्दोजहद में
जीने को एक और ज़िन्दगानी चाहिए

ज़िंदगी कुछ नहीं मैदान ए कर्बला है
यहाँ कदम कदम पे कुर्बानी चाहिए

एक दरिया ललकार रहा था प्यास मेरी
नतीजा ए हरकत अब उसे पानी चाहिए

बरकार हैं सासें, अभी ज़िन्दा हैं हम
ज़िंदगी में और क्या परेशानी चाहिए

तैयार हैं कई चहरे, कई किरदार मुझमें
मुझे कोई फ़साना कोई कहानी चाहिए

आसमाँ को देखनी ही हालत ए ज़मी
हवा को चादर ए अब्र हटानी चाहिए

बुझे हुए चराग भी रोशन हो जाएँ
अंधों को उसकी तस्वीर दिखानी चाहिए

यही बनाता है तुम्हें औरंगज़ेब हमें खिलजी
तुम्हें सारी रियासत, हमे सिर्फ रानी चाहिए

~ Anas Saifi
B.Sc (H) Electronics
2nd Year

क्या बात करते हो

जहां सीरत नहीं सूरत, इंसान नहीं दौलत की कीमत होती है,
वहां तुम उन्स की बात करते हो,
कहाँ से आए हो?
क्यूँ ऐसी निराधार बात करते हो!
अरे सुनो यहां कुर्सी की चाह में, हर रोज जंग जारी रहती है,
भूख यहां सड़कों पर, हर रोज बेबस सोती है,
ऐसे में तुम ईमानदारी की बात करते हो,
कहाँ से आए हो?
क्यूँ ऐसी निराधार बात करते हो!
जहां हर इंसान का मन भेद भाव से जकरा है,
औरत को जहां अब भी दोयम दर्जा मिलता है,
ऐसे में तुम समानता की बात करते हो,
कहाँ से आए हो?
क्यूँ ऐसी निराधार बात करते हो!
जहां शादी नहीं सौदेबाजी होती है,
कोठे पर जाते 'आप' हो,
चर्चा 'वैश्या' की होती है,
ऐसे में तुम चरित्र की बात करते हो,
कहाँ से आए हो?
क्यूँ ऐसी निराधार बात करते हो...

~ KM Ranjana
B.Sc (H) Zoology
3rd Year

काली रात

एक रात की बात है
कोई शहर जलता मिला
कुछ घर सुलगते मिले॥

कुछ लोग रोते मिले
जैसे आग में हो कोई इनका मरा
कई पास में हँसते मिले
मानो आँच को दी हो इन्होंने हवा॥

कुछ बगल में गुम थे खड़े
जैसे उनका घर था बचा हुआ॥
कितनो की थी याद जली
कितनो का था मन झुलसा

कुछ को चैन की साँस मिली
मानो सफल हुआ हो उनका रचा
कुछ सरकारी गाड़ी मिली
जैसे इनको चला था जल्दी पता॥

कुछ नेता भी आन पड़े
जैसे उनका हो कोई वोट कटा
एक रात थी उस छोटे शहर की
उस एक रात में क्या क्या घटा

~ Amit Kumar Sharma
B.A. Prog.
2nd Year

मॉडर्न महाभारत

यह युद्ध नहीं है युधिष्ठिर
जो तुम लड़ के जीतोगे
सवार नहीं हो रथ पे तुम
जो तुम अड़ के जीतोगे
यह 21वीं सदी है प्यारे
अब तुम मर के जीतोगे
यहाँ चीर-हरन तो आम बात है
काली यहाँ हर एक रात है
कौरवों की बस्ती है
यहाँ जीत नहीं यहाँ सिर्फ़ मात है
पर एक बात समान यहाँ पर
राजा, राजा के बेटे हैं
भीष्म पितामह ज़िंदा हैं
पर काँटों पर ही लेटे हैं
यहाँ हर मोड़ पर तुमको शकुनी भी मिल जायेगा
कत्ल करे या न करे पर खूनी भी मिल जायेगा
नहीं मिलेगा तुमको तो बस साथी नहीं मिलेगा
मिलने को तो फिर यहाँ जुनूनी भी मिल जायेगा
गान्धारी बनी इन्साफ़ की मूरत
मूरत बनकर ऐसी ऐंठी है
जिसकी आँखें बनना था
वो उन जैसा बन बैठी है
गौरव होगा तुमको सुनकर
यहाँ कौरव पान्डव एक ही हैं
तुम इसको महफ़िल कहते हो
यहाँ नाच व तान्डव एक ही है
आचार्य यहाँ पर सभी द्रोण हैं
पर अर्जुन जैसा कहाँ कौन है?
गली गली में देखो अब अँगूठों का भण्डार है
एक नहीं लाखों है लव्य, यह एकलव्य संसार है
हर गली के हर मोड़ पर
हर मात यहाँ पर कुंती है
दोनों इसके लाल हैं
दोनों में एक ही चुनती है
पैदा नकुल सहदेव हैं होते
दुर्योधन सा बन जाते हैं
यह दुस्साशन समाजी लोग शन्सोधन सा कर जाते हैं
कुछ और समान सी बातें हैं
जो कहो तुम्हे बतलाता हूँ
कुछ को सच ही मान लिया है
और कुछ को मैं झुठलाता हूँ
यहाँ हर चौराहा चक्रव्यूह है
अभिमन्यू का फँसा समूह है
सब बने बैठे हैं सारथी
और हर बच्चा यहाँ कर्ण क्यों है?
हर बच्चा यहाँ कर्ण क्यों है?

~ Rishi Suri
B.Sc (H) Chemistry
2nd Year

दिल्ली

यह मेरा दिल्ली शहर है
धुँए कि यहां दोपहर है
सूरज भी कहीं गुम है
हवा की नमी भी कहीं छम है
शहर कुछ धुंधला है
देखने से कोई बड़ा मसला है
गंदी चादर से यह लिपटा पड़ा है
अमीरों की दिल्ली का नक्शा बदला पड़ा है
कुछ बदली यह नेताओं की मैली चाल से
कुछ उस कारखाने के गंदे माल से
कुछ दिवाली के पटाखों की मार से
और कहीं उस रईस महंगी मोटर की कार से
कुछ पड़ोसी की जली पराली की बयार से
यह मर सी गई इंसान की मार से
कोई पी गया विष सांसों में घोलकर
किसी ने बचा ली एक कपड़े के खोल से
कोई आज भी आग सुलगाता मिला
चिता पर बैठ लकड़ी जलाता मिला
कुछ छोड़ शहर जल्दी निकल गए
कुछ हवा में दम घोंट के मर गए
लगता नहीं किसी को कोई मलाल है
बचा लो इस शहर को इसका बुरा हाल है

~ Amit Kumar Sharma
B.A. Prog.
2nd Year

किस्सा

हो किस्सा नरसी के भात का,
या सुदामा की कही बात का,
हो किस्सा द्रोपदी की लाज का,
कान्हा रहे सदैव तत्पर हैं।
फ़िर कैसा ये खेल नियती का
हो साथ उस राधा का
या आवाहन मीरा के गानों का
कुछ पूरा था उनमें, कुछ अधूरापन था कान्हा का ॥

~ Vanshika Rana
B.Sc (H) Mathematics
1st Year

इश्क लिखूँ या देश लिखूँ

क्या लिखूँ कुछ समझ नहीं आता
कलम हाथ में लिखना कुछ नहीं आता
देख देख कर परेशान हूँ इस ज़ालिम दुनिया को
उन नजारों को पन्नो पर बिखेरना नहीं आता

मै इश्क लिखूं या देश लिखूं
क्या क्या में इस कलम से विशेष लिखूं
जिस मिट्टी में पैदा हुआ उसके लिए कुछ श्रेष्ठ लिखूं
जो सबके मन को जीत सके ऐसा एक संदेश लिखूं

इंसानी दर्द लिखूँ या प्यार लिखूँ
मरते हुए इंसान की फ़रियाद लिखूँ
राम लिखूँ या रहीम लिखूँ
अटल या अब्दुल कलाम लिखूँ

देखा है मैंने जिनको वतन पर मरते हुए
उनके नाम एक पैगाम लिखूँ
बच्चियों की चीख, बेसहारों की भीख रहते हुए
कहो कैसे मैं इश्क़ और जाम लिखूँ

कलम उठाई कई बार
लेकिन वो हर बार रुक जाती है
जैसे ही मैं इश्क़ लिखूं
वो मेरे हाथ से फिसल जाती है

जब जब मैंने लिखा देश पर
कलम मेरी लिखती चली जाती है
छोड़ता भी हूं उसको तो
गुलामी की याद दिलाती है

कैसे भूलूं उन वीरों को
सर्वस्व निछावर करते जो
भूल अपने सारे सुख
देश के लिए मरते जो

लिखने को तो बहुत कुछ लिखूँ
लेकिन मैं लिखता ही कहाँ कुछ हूँ
जब जब मेरी कलम में स्याही आई है
मैंने वो पन्नों पर सजाई है
उसी के तहत आप लोगों तक
मैंने अपनी बात पहुँचाई है

~ Raghvendra Pratap Singh
B.Sc (H) Electronics
1st Year

बारिश का दिन

हां। हो रही थी बारिश उस दिन,
बाहर पानी की, आंखो से अश्कों की।
धूप का उजाला बाहर नहीं था,
आशा की किरण दिल में भी नहीं थी।
हवाओं का तूफान बाहर भी था,
पर मन के बवंडर से कुछ कम था।
वहां मोर के पंख खुल रहे थे,
यहां पट्टी अंधे विश्वास की खुल रही थी।
उधर छतों से जमा हुआ जल टपक रहा था,
पर जमी रंजिशें पलको से टपक रही थी।
उस हसीन बारिश से पत्ते तो धुल गए थे,
पर वो हसीन यादे नहीं धुल पा रही थीं।
बरखा में वो शाम तो ढल गई थी,
पर वो सुकून के पलों को ढलना अभी बाकी था।
बच्चों की खिलखिलाहट अभी जारी थी,
इधर तो आवाज़ में सिसकियों की बारी थी।
घुमड़ते घटाओ की गर्जना,
उमड़ते सवालों के शोर से धीमी थी।
हां ,उस दिन बारिश हो रही थी।

~ Sakshi Priyadarshini
B.A. Prog.
1st Year

मुस्कराते रहो

दर्द कैसा भी हो आंखें नम ना करो
रात काली सही कोई ग़म ना करो
एक सितारा बनो जगमगाते रहो
जिन्दगी में सदा मुस्कुराते रहो
बांटनी है अगर बांट लो हर ख़ुशी
ग़म ना जाहिर करो तुम किसी पर कभी
दिल की गहराई में ग़म छुपाते रहो
जिन्दगी में सदा मुस्कुराते रहो ।
अश्क अनमोल है खो ना देना कहीं
इनकी हर बूंद है मोतियों से हसीं
इनको हर आंख से तुम चुराते रहो ।
जिन्दगी में सदा मुस्कुराते रहो ।
फासले कम करो दिल मिलाते रहो
जिन्दगी में सदा मुस्कुराते रहो।

~ Garima Gupta
B.A. Prog.
2nd Year

गरीबी

भूखे पेट कभी सोके देखा है
बिन आँसू के कभी रोके देखा है
क्या झुग्गियों में कभी जलाया है, दिया तुमने
या सिर्फ अपने घर को हीं चमकते देखा है

सड़क पर घूमते बच्चों को देखा है
उनकी आंखो में कभी झांक कर देखा है
क्या उन्हें खिलाया कभी खाना तुमने
या सिर्फ अपने बच्चों का पेट भरते देखा है

कभी गरीब के चेहरे को हंसते देखा है
उसको मजबूरन मरते देखा है
क्या कभी बचा पाओगे उन गरीबों को
या सिर्फ इंसानियत को मरते देखा है

भूखे इंसान को कभी लड़ते देखा है
धर्म या जाति के नाम पे मरते देखा है
क्या कभी बोलेगी हमारी इंसानियत
या सिर्फ भगवान का नाम लेके देखा है

कभी किसी का जूठा खा के देखा है
खुले आसमान को चादर बना के देखा है
शुरुआत कभी खुद से करो
भीख की जगह रोजगार दो
अपना पेट भरके दुसरों का भरो
इंसानियत अपनी जिंदा रखो

~ Raghvendra Pratap Singh
B.Sc (H) Electronics
1st Year

असंभव कुछ नहीं

अगर चाहो नदी के दो किनारे मिल भी सकते है
मरूस्थल में कमल के दल हजारों खिल भी सकते है
तमन्ना हो अगर दिल में , इरादे हो अगर पक्के ,
हिलाओ तो जरा मन से ये पर्वत हिल भी सकते है ।
बबूलो पर रसीले आम के फल आ भी सकते है
सुरीली तान में बेजान पत्थर गा भी सकते है ।
असंभव कुछ नहीं संभावनाएं जोड़कर रखिए,
तुम्हारे हाथ से तारे जमीं पर आ भी सकते है ।

~ Garima Gupta
B.A. Prog.
2nd Year

असलियत

अक्सर नमाज़ी ही नमाज़ पढ़ने में देर करते हैं,
अपने मुल्क में तो इंसाफ़ करने में फाँसी देर करते हैं।

हम जो चाहें वो रब से मिल ही जाता है,
पर हम इंसान ही रब से दुआएँ माँगने में देर करते हैं।

नज़र वाले तो हिन्दुस्तान में सिर्फ़ हिन्दू मुसलमाँ करते हैं,
पर अंधे तो हर शख़्स में इंसान देखा करते हैं।

नफ़रतों का असर तो देखो, यहाँ तो हम सिर्फ बँटवारा करते हैं,
पर कुछ तो इस वतन के खातिर बर्फ़ में मर जाया करते हैं।

पता नहीं किस बात का हम इंसान तकब्बुर किया करते हैं,
यह जान कर की दुनिया के हर रास्ते कब्रिस्तान जाया करते हैं।

~ Bushra
B.Sc. (H) Chemistry
1st Year

फूल-कुसुम

फूल कुसुम की मृदुताओं से बेहतर
तुम मेरी रचनाओंसे बेहतर,
दिल में हलचल कर देती हो
तुम कुदरत की विपदाओं से बेहतर।

बहती शीतल सरिताओं से बेहतर
तुम मेरी ललिताओं से बेहतर,
घनी धूप जो संग रहती है
तुम पीपल वाली छाओंसे बेहतर।

अग्नि की ज्वालाओं से बेहतर
तुम कईं पुरानी हलाओंसे बेहतर,
जीवन के दुःख हर लेती हो
तुम सारी सुख सुविधाओं से बेहतर।

सुगंधित सब हवाओं से बेहतर
तुम मेरी कल्पनाओंसे बेहतर,
अमावस में जैसे चाँद चमकती
तुम झूठी-सच्ची सब कथाओं से बेहतर।

लहराती खूब फिज़ाओ से बेहतर
तुम सम्पूर्ण विश्व कि साराओं से बेहतर,
उम्र तलक तुम संग ही रहना
तुम जीवन की रेखाओं से बेहतर।

~ Gaurav Nailwal
B.Sc. (H) Chemistry
2nd Year

रण भूमि

शत्रुओं का हो प्रलय
पर न हार का विचार हो,
हाथ मे कृपाण हो
मस्तिष्क तेज़ धार हो।
रथ का वेग भेद जाए
सीमा, हवा न जो छू सकी,
समर बिगुल है बज चुका
अब आर हो या पार हो।
शंखाध्वनि से प्रबल
हौंसलों का शोर हो,
जो लक्ष्य है, वो स्पष्ट हो
मन विश्वास से विभोर हो।
अंतिम-अग्नि की मशाल
शत्रुओं में ही जले,
योद्धा जो ढेर हो इधर
धरती हिले, आँधी चले।
हो शोक का ही क्षण मगर
एकाग्र हर विचार हो,
समर बिगुल है बज चुका
अब आर हो या पर हो।
जो भीमकायी शत्रु है
जमीन फिर तटस्थ हो,
युद्ध का नियम है ये
जीवित रहो या नष्ट हो।
हो अल्प चाहे संख्या
फिर खुद पर स्वाभिमान हो,
सारागढ़ी की जंग हो
मूछों पे वो ही शान हो।
शीतल लगे, जो तन दिखे
मन ज्वालामुखी सा ज्वार हो,
समर बिगुल है बज चुका
अब आर हो या पार हो।
अदम्य साहस वीरता का
प्रमाण देकर जाता है,
है कला निपुण आज जो
कल रण में काम आता है।
जितना बहता है स्वेद आज
रक्त उतना ही कम लगता है,
जिसे कल की नींद चाहिए
वो आज ही तो जगता है।
तो सीमा रही हो कोई भी,
एक छलांग से ही लांघ दो,
पल रहा है मन में भय
अपनी शक्तियों से बांध दो।
है जंगलों का ऋण ये मुझपे
ये सिंह सी दहाड़ लो,
समर बिगुल है बज चुका
अब आर हो या पार हो।

~ Gaurav Nailwal
B.Sc. (H) Chemistry
2nd Year

पथिक

थक चुका है जो पथिक भी
जीवन में कुछ कर जाएगा,
अपने कष्टों के एहसासों से
पंछी बन उड़ जाएगा ॥

उलझ गए है जो विचार मन के
जल्द ही सुलझ जाएंगे,
अपने पावन एहसासों से
फिर समय उसका बदल जाएंगे ॥

भीषण काली रातों का भी
बहम जल्द मिट जाएगा,
उसका हमें सताने का भी
सिलसिला भी टूट जाएगा ॥

डलती गहरी रातें भी
अब कष्ट हमको नहीं देंगी,
बल्कि मीठे सपनों के
आगोश में हमको ले लेंगी ॥

मीठे सपनों के एहसास भी
नींदों में घुल जाएंगे,
नींदों की बेवफ़ाई के बदल
जल्द ही छट जाएंगे ॥

दुखों की बेड़ियां भी
जल्द ही खुल जाएंगी,
खुशियां भी बारात लिए
उसके घर दस्तक दे जाएंगी ॥

गिरकर उठना और संभलना
मनुष्य की प्रवृत्ति ठहरी,
अगर उसपर सितम हुए हो जयदा
तब उसको चोट लगती है गहरी ॥

सितम किए है जिन लोगो ने
हम उसके बड़े आभारी है,
उनकी हमारे जीवन में
बस इतनी हिस्सेदारी है ॥

~ Pawan Kumar
B.Sc. (H) Chemistry
2nd Year

आगाज़

ज्वलन उठी है आग में,
उठ तू भी अब तलाश में,
सूर्य की तपिश को चीर,
हवा का सीना फाड़ दे,
निकल पर्वतों को पीसते,
तू घाटियों को धूल कर,
बाजूओं को खोलकर,
तू युद्ध का आगाज़ कर।~2

तू है क्या ये जान ले,
मुठ्ठियों में आसमान ले,
हथेलियों पर जान ले,
आज मौत से भी खेल जा,
ये घोर शंखनाद है,
तू रुद्र का उन्माद है,
एक तीव्र हुँकार कर,
तू युद्ध का आगाज़ कर।~2

कड़कती बिजलियों में जोश है,
क्या तुझमे भी आक्रोश है,
बादलों को ले आगोश में,
शक्ति उसकी छीनकर,
तू गर्जना घनघोर कर,
तेरे तन में लावा बह रहा,
ज्वाला का तू निर्माण कर,
तू युद्ध का आगाज़ कर।~2

समन्दरों की चाल देख,
है जीना कैसे आज देख,
सुनामियों को भेद कर
लहरों को तू शांत कर,
मस्तकों के झुंड देख,
एक वार में शिकार कर
प्रशांत पर प्रस्थान कर,
तू युद्ध का आगाज़ कर।~2

रणभूमि की पुकार सुन,
तेरे मन की आवाज सुन,
म्यान में तलवार रख,
बुलन्द आवाज रख,
तरकशों में तीर भर,
तू शत्रु का विनाश कर,
रक्त से अभिषेक कर,
तू युद्ध का आगाज़ कर।~2

शत्रु शक्ति में मदमस्त है,
तू शक्ति से सशक्त है,
थकना नही अविराम चल,
शक्ति सारी कर इकठ्ठा,
एक झनझनाता वार कर,
ये आखिरी है युद्ध तेरा,
इसे आर कर या पार कर,
तू युद्ध का आगाज़ कर।~2

~ Ankit Mishr
B.Sc (H) Electronics
1st Year

बचपन की वो यादे

घर की गली अब खाली पड़ी रहती है
बचपन की बुलेट कोने में ख़डी रहती है
किसी के पास दो पल फुर्सत के नहीं
सबको पैसे कमाने की पड़ी रहती है
जो माँ शिकायतों की किताबें बनाती थी
वही बेटों की फ़िक्र में दरवाजे पे ख़डी रहती है
जहाजों के मालिक गुमनाम हो गए हैं
बारिश की नदियाँ खाली पड़ी रहती हैं
कभी राते गुजारते थे, साथ मिलकर अब
थोड़ा मिलने पर भी, नजर घड़ी पर रहती है
गायब हैं अचानक गुदगुदी वाली ऊँगली
क्योंकि वो अब फ़ोन पर अड़ी रहती है
रात के अँधेरे में छुप गयी है छुपन-छुपाई
ढूंढ़ने वाली निगाहें पबजी में गड़ी रहती है

~ Jatin Kumar
B.Sc. (H) Electronics
1st Year

क्या समझूँ मैं इसे?

इश्क या मेरा पागलपन,
विश्वास या मेरा अल्हड़पन,
क्या समझूँ मैं क्या समझूँ मैं इसे...

क्या समझूँ मैं इसे?
तुम्हारा बिन बताये मेरे सामने आना
और जब तुम्हे देखना चाहूँ, तो मुझे तुम्हारा तरसाना,
गर गलती से देख भी लूँ तो तुम्हारा मुह मोड़ लेना,
क्या समझूँ मैं क्या समझूँ मैं इसे...

क्या समझूँ मैं इसे?
तुम्हे अपना मानने की मेरी भूल है या मेरा भोलापन
यह मेरी मोहब्बत है या मेरा अन्धापन
कभी कुछ कह भी दिया करो
कुछ समझा भी दिया करो
तुम्ही बताओ क्या समझूँ मैं क्या समझूँ मैं इसे...

क्या समझूँ मैं इसे?
यह मेरा अन्धविश्वास है या मेरी कमजोरी
यह मेरा केवल फलसफा है या मेरी मजबूरी
यूँ मुह फेर के चली जाती हो
दिल को कुरेद के चली जाती हो
क्या समझूँ मैं क्या समझूँ मैं इसे...

~ Aditya Prajapati
B.Sc. (H) Chemistry
3rd Year

रात का सपना

उस मासूम से चेहरे का क्या खूब कहर था
अचानक गली से गुज़रा क्या खूब शहर था
मन था जिंदगी उसे बस देखने मे गुज़ार दूँ
मिली भी नींद में कम्बख्त क्या खूब पहर था
होठों की लाली पर दिल सँभल नहीं पाया
ज़िन्दा, लबों से लगाया क्या खूब ज़हर था
अमावस सी जुल्फों का नागिन सा लहराना
हवा का उन्हें साथ उड़ाना क्या खूब क़हर था
बेताबी थी उसके साथ बैठकर बातें करने की
हँसता देख सब भूल बैठा क्या खूब पहर था
जाम हाथों से पिलाती तो नशा उतर भी जाता
कम्बख्त आँखो से पिलाया क्या खूब ज़हर था

~ Jatin Kumar
B.Sc. (H) Electronics
1st Year

इंसान के बिना ही

इंसान के बिना ही ,
इंसान से बात किया करो ।

जिस बात के तागा तुमसे जुड़ा है ,
उसे औरों को न सुलझाने दिया करो ।

इंसान के बिना ही ,
इंसान से बात किया करो ।

अकेले लेकर उलझी पतंग ,
उतरना चाहो पार तरंग ।
लाखों बार ज़रूर गिरोगे ,
करोड़ों बार मुँह फेरोगे ॥

सफलता की होगी दिव्य संभावना ,
इसलिए आस नहीं छोड़ा करो ।
इंसान के बिना ही ,
इंसान से बात किया करो ।

जो साथ मिलकर डोरी सुलझाएँ ,
सुलझाएँ शायद वही उलझाएँ ?
गलत व्यक्ति चयनित करोगे जहाँ ,
अपने माँझे से डोरी काटोगे वहाँ ।

इसलिए उलझी पतंग सुलझाओ ,
पर डोरी माँझा मत बनाओ ।
स्वयं से सुलझाई जो डोरी ,

फिर आकाश से नीचे गिरा दिया करो ॥

इंसान के बिना ही ,
इंसान से बात किया करो ।

स्वयं से वार्ता में है जादुई शक्ति,
न काम आवे औरों की भक्ति ।
आत्मचिंतन है श्रेष्ठ जगत में ,
मोह और मिथ्या त्याग करो।

इंसान के बिना ही ,
इंसान से बात किया करो ।

~ Sakshi Singh
B.Sc. (H) Chemistry
1st Year

पता नहीं क्यों? पर दिल पे लगता है!!

पता नहीं क्यों पर ये दिल पे लगता है
वो दाग वो ज़ख्म देकर उसे क्या मिलता है
पता नहीं क्यों पर ये दिल पे लगता है।

खुशी से खिलखिलाती वो हँसी उसकी
वो मासूम-सा चेहरा उसका
निकलता है जब घर से, चाँद को भी रोशन कर देता है
लेकिन पता नहीं क्यों उनको ये चुभता है
पता नहीं क्यों पर ये दिल पे लगता है।

वो रात भर कहाँ थी, उसे खुद भी नहीं पता
अब क्या उसे होश आना था
जिसे ज़िंदा जलाकर तुमने कहीं फेंक दिया था
उसे वहाँ लेकर जाना, जहाँ का उसे कुछ पता ना हो
फिर उसके साथ वो करना, जिसकी उसे उम्मीद भी नहीं थी
उसे ज़ख्म देना जिसकी वो कभी हकदार भी नहीं थी
उसके भरोसे और इज्ज़त की धज्जियां उड़ाना
ताकि वो कभी उठकर तुम्हें वापस जवाब ना दे सके
पता नहीं क्यों पर ये दिल पे लगता है।

चलो माना तुम्हारी सोच छोटी थी
माना कि तुम्हें किसी की खुशी खलती थी
माना कि तुम्हारे घमंड पे लगती थी
पर जब गलती सिर्फ तुम्हारी थी
फिर क्यों इतनी बेशर्मी थी
पता नहीं क्यों पर ये दिल पे लगता है।

फिर उठाई जाती है इंसाफ की आवाज़
उस लड़की, उस बेटी, उस माँ, उस औरत के हक में
जो इस बेशर्मी की शिकार हुई
ताकि इंसाफ मिल सके
इंसाफ ऐसे नहीं मिलेगा, सिखाना पड़ेगा
हर एक बच्चे को कि कैसे जीते हैं जिंदगी इंसानों की तरह
लड़कियों को कपड़े ढंग के पहनने की सलाह देने वाले लोग
अपनी और अपने बच्चों की सोच ढंग की रखो
अपना देखने का नज़रिया ढंग का रखो
फिर शायद इंसाफ की भीख ना मांगनी पड़े

वो दाग वो ज़ख्म देकर उसे क्या मिलता है
पता नहीं क्यों पर ये दिल पे लगता है।

~ Urvashi Chavla
B.Sc. (H) Chemistry
1st Year

हमारा दिल जलाता था, वही फिर याद आता है,
हमें जो याद आता था, वही फिर याद आता है।

मिरी तस्वीर लटकी देख कर, घर चीख कर बोला,
"जो घर को घर बनाता था, वही फिर याद आता है।"

हमें वो याद आएँ जो, हमें भी याद करते हों,
मगर जो भूल जाता था, वही फिर याद आता है।

अरे फागुन, मुए लानत है तुझ पे, इस बरस फिर से,
तू जिसकी याद लाता था, वही फिर याद आता है।

जिसे गर चोट लग जाए, हमारा ख़ून रिसता था,
जो मेरी जाँ से जाता था, वही फिर याद आता है।

जिसे आभास होता था, हमारी धड़कनों का, जो,
हमें ज़िंदा बताता था, वही फिर याद आता है।

~ Abhay Shukla
B.Com (H)
1st Year

तेरी याद

निष्ठुर नयनों से, नम विदाई,
हृदय विदारक, वही परछाई,
भूलने के लाखों, जतन किये गिनके,
याद तुम्हारी, फिर भी आई।

नन्ही सी तेरी, वो किलकारी,
गोद बदलना तेरा, बारी-बारी,
कंधों पर से तेरा, छुप के तकना,
फुर्र! हो जाती सबकी, थकान सारी।

खबड़ मिली जब कि, तुमको खोया,
नींद बहुत थी पर, मैं न सोया,
काल-चक्र का, हुआ प्रहार मुझ पर,
घायल न था, फिर भी फुट कर रोया।

तेरे बिन जी तो, किसी का नहीं लगता,
बस खुश रहे, जहाँ पर भी तु रहता,
ईश्वर करे कि, नाम जब कभी तेरा आये,
"तन्मय-ता" से सब ले, उसे हँसता-हँसता।

~ Durgesh Kumar
B.Sc. (H) Electronics
2nd Year

पागलपन

पागलपन किसे कहा जाएगा?

जब सूखे पेड़ों को आसपास की मायूसी इतनी असहनीय हो जाएगी कि अमर्ष उनकी सूनी टहनियों से आख़िरकार कोंपल बन कर फूट पड़ेगा?

जब औरतें मज़ाक बनकर हर रोज़ ख़ुद को इतना गिरा लेंगी कि एक दिन सारी ज़िल्लत बाँध तोड़ कर उन्हें पाताल में नई दुनिया बसाने को बहा ले जाएगी?

जब क़ैदियों को एक ज़माने बाद सूरज देखने को बख़्शा जाएगा तो वो हिक़ारत से उसकी ओर थूक देंगे और अंधेरे को कंधों पर बिठा कर चल पड़ेंगे?

जब कोई वेश्या पुकारे जाने पर गर्व महसूस करेगा क्योंकि वह उस महान और अदमनीय समाज की बौद्धिक विरासत का एक पल के लिए ही सही, अभिरक्षक बनने का सौभाग्य प्राप्त कर रहा होगा?

जब मुझे क्रांति इतनी ज़रूरी लगने लगेगी कि जब-जब तुम कातरता से मुझसे शांति माँगोगे, मैं तुम्हें केवल विद्रोह की चादर में लिपटा हुआ भविष्य दे पाऊँगी क्योंकि मेरे लिए वही सुकून का अकेला सबब बन चुका होगा?

तो क्या पागलपन बुरा है? या वह केवल इस 'बसी-बसाई मासूम' दुनिया के लिए ख़तरनाक है?

~ Amrisha Rai
B.A. (H) English
2nd Year

सूर्यास्त

एक वास्तविक सूर्यास्त वो होता है, जब आप एक लम्बी गहरी साँस लेते हुए अपनी दोनों आँखों को मूँदते हैं, और फिर लाल-आसमानी रंग के क्षितिज में फैले उस बेहतरीन दृश्य को देखते हुए अपनी आँखों को धीरे-धीरे खोलते हैं। ठीक उसी समय आपकी सारी अन्तर्निहित भावनाएं(दुःख/सुख) उस ढ़लते हुए सूर्य में समाहित होने के लिए बाहर आने लगती हैं। जैसे-जैसे सूर्य उस पावन क्षितिज की गहराई में समाता चला जाता है, आपकी भावनाएँ भी आपके हृदय से ओझल होने लगती हैं। तब एक समय ऐसा आता है जब आप अकेले रह जाते हैं, और आपका मस्तिष्क एकदम शान्त और अप्रतिम प्रकृति में तैर रहा होता है, और आपके हृदय की धड़कन शिथिल पड़ने लगती है। आप एक शून्य की तरह प्राकृतिक सौन्दर्य को निहार रहे होते हैं। धीरे-धीरे आपके हृदय की धड़कन इतनी मन्द हो जाती है की हर एक मिनट में आप अपनी धड़कन मात्र एक बार सुनते हैं, और तब आप महसूस करते हैं उन अतुलनीय पुष्पों के सुगन्ध को, घोसलों को लौट रही चिड़ियों की चहचहाहट को, आखिरी दौर में लगे भौरों के गुँजन को, त्वचा पर पड़ रहे रक्तवर्णित शीतल ढ़लते सूर्य के प्रकाश की किरणों को, अविरल तरंगों में बह रहे करोड़ों मधुर संगीत को, अनन्त तक फैले आकाश को, क्षितिज में फैले लाल-आसमानी अथाह सागर को, मस्तिष्क से प्रवाहित होते लाखों विचारों को और सबसे महत्वपूर्ण आप महसूस करते हो स्वयं को, स्वयं की वास्तविकता को और स्वयं में अन्तर्निहित असीम ऊर्जाओं को।

~ Ankit Mishr
B.Sc. (H) Electronics
1st Year

कहीं पायल सुनाई दे रही है,
छनक जिसकी दुहाई दे रही है।

दिमाग़ो-दिल नहीं अपनी जगह पर,
हमें ख़ुश्बू दिखाई दे रही है।

सियह रातें, सियह कितनी ये लिक्खूँ,
ये हिम्मत रोशनाई दे रही है।

हमारे दर्द को आराम ना हो,
मुहब्बत यूँ दवाई दे रही है।

~ Abhay Shukla
B.Com. (H)
1st Year

श्रवण कुमार

(दिल्ली या अमुमन किसी शहरों के सड़कों पर भीख माँग रहे
बच्चों की स्थिती को प्रतिबिंबित करती हुई पंक्तिया हैं,
जिसमें अलग-अलग दृष्टिकोण दिखाये गए हैं)

लोभी नयन,
अधनंग बदन,
नकली रुदन,
फटे वसन,
घिसे चरण,
ढीठ कर्ण,
कुछ अजीब हैं,
अपने श्रवण कुमार।

सूखे अधर,
भीगे नजर,
बेबस स्वर,
मिजाज अल्हड़,
उलझे डगड़,
चित्त भँवर,
कुछ अजीब हैं,
अपने श्रवण कुमार।

धुंधले स्वप्न,
अनंत प्रयत्न,
ढूंढे भोजन,
चले योजन,
गुजरे यौवन,
शून्य प्रयोजन,
कुछ अजीब हैं,
अपने श्रवण कुमार।

जीवन समर,
सीखें अगर,
छंटेगी धूसर,
आएगी सहर,
रहें प्रखर,
जायेंगे सँवर,
कुछ अजीब होंगे,
अपने श्रवण कुमार।

~ Durgesh Kumar
B.Sc (H) Electronics
2nd Year

संस्कृत का सिमटता परिपेक्ष्य

संस्कृत का सबसे पुरानी भाषा होने पर कई साहित्यकारों में, हिब्रू व तमिल को लेकर अंतर्विरोध है, परंतु यह प्रमाणित है कि आरंभ से अपने मूल स्वरूप में विद्यमान रहने वाली संस्कृत सबसे पुरानी भाषा है, तथा महर्षि पाणिनि द्वारा रचित "संस्कृत व्याकरण" अब तक की उपलब्ध किसी भी भाषा के व्याकरण से प्राचीन, प्रामाणिक, तथा कहीं अधिक सैद्धांतिक है।

संपूर्ण संस्कृत व्याकरण आधुनिक से आधुनिकतम तथा प्राचीन से प्राचीनतम स्वर विज्ञान से मेल खाता है। संस्कृत का स्वर विज्ञान इतना विस्तृत है, कि इसके उच्चारण में कोई त्रुटि-भेद नहीं हो सकता। आपने ध्यान दिया हो तो देखा होगा कि, बाहुबली के मंत्रोच्चार वाले दृश्य में हिंदी Dubbed Version की भी lip-sing सामान तरीके से होती है। इसकी वर्णमाला इस रूप में सुसज्जित है कि संपूर्ण स्वर-तंत्र का उपयोग वैज्ञानिक तरीके से होता है। यही प्रमुख कारण था कि टॉकिंग कंप्यूटर के लिए संस्कृत को सबसे उपयुक्त भाषा माना गया, तथा इसके व्याकरण के वैज्ञानिकता तथा सटीक सैद्धांतिकता के कारण कृत्रिम बुद्धि (Artificial Inteligence) की कोडिंग के लिए भी संस्कृत को सर्वाधिक उपयुक्त भाषा माना गया है। यदि हमारा सौभाग्य रहा और इस क्षेत्र में कहीं क्रांतिकारी परिवर्तन हुए तो "Syntax Error" के स्थान पर "वर्तनिः दोषम" पढ़ने को मिल सकता है।

हमारे प्राचीन गणितज्ञ भी संस्कृत का बखूबी उपयोग करते थे, "कटपायदि श्रेणी" जो विश्व की प्राचीन "कूट-भाषीय प्रक्रिया" अर्थात "Hashing Algorithm" में से एक है, इसके माध्यम से गोपी-कृष्ण के संबंध में कहा गया एक श्लोक पाई(π) की दशमलव के 31 स्थानों तक सटीक मान बताता है।प्राचीन गणितज्ञ माधवाचार्य जी की "माधवाचार्य की ज्या(sine) श्रेणी" के एक संपूर्ण श्लोक तथा कटपयादी श्रेणी के मदद से 24 अलग-अलग कोनों के सटीक त्रिकोणमितीय मान निकलते हैं।

बात अगर इसके स्रोतों तथा उपलब्धता की करें तो संस्कृत साहित्य का अपार भंडार है, धार्मिक किताबों सहित विज्ञान व साहित्य की अनेका-अनेक प्रशाखाओं की पुस्तकें लिखी गई है। हमारे वेदों की कई ऋचाओं का आजतक सटीक अनुवाद नहीं हो सका है, जो अपने अंदर आधुनिकतम संभावनाएं समेटे बैठी है। बस संस्कृत प्रभाग आधुनिक विज्ञान तथा साहित्य के अद्यतन की राह देख रहा है। महाकवि कालिदास ने जिस कालखंड में "मेघदूतम", "अभिज्ञान शाकुंतलम्" जैसे महाकाव्य की रचना की उनकी दूर-द्रष्टव्यता की कोई तुलना नहीं है।

संपूर्ण अध्ययन से इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है, कि संस्कृत जिसकी अपनी सबसे प्रमाणिक, संस्कृत व्याकरण है, महर्षि पाणिनि, कात्यायन, महर्षि पतंजलि, गणितज्ञ माधवाचार्य, महाकवि कालिदास जैसे सत्पुरुषों द्वारा रचित ज्ञान भंडार है, AI, मेडिटेशन, योगा जैसे क्रांतिकारी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं, जन-भाषा के लिए भूमि तैयार करने की क्षमता है, सिर्फ संस्कार तक सिमटकर अपनी प्रमाणिकता सिद्ध करने की होड़ में नहीं रह सकती। हमारी पीढ़ी को इस बारे में एक बार तो सोचना हीं चाहिए।

॥इति श्री॥

~ दुर्गेश कुमार
अभियांत्रिकी विभाग,
द्वितीय वर्ष

PHOTO GALLERY

ALKA SINGH
B.A. (Prog.)
3rd Year



DEEPAK TIWARI
B.Sc.(H) Chem
2nd Year



ALKA SINGH
B.A. (Prog.)
3rd Year

DEVANSH DALMIA
B.Sc.(H) Elec.
2nd Year

DEVANSH DALMIA
B.Sc.(H) Elec.
2nd Year



KARAN ARORA

B.Com.(H)

3rd Year



KARAN ARORA
B.Com. (H)
3rd Year

KARAN ARORA
B.Com. (H)
3rd Year

MAHIPAL INKHIYA
B.Sc.(H) Chem
2nd Year

PAURAV GULATI
B.Sc.(H) Physics
3rd Year



PAURAV GULATI
B.Sc.(H) Physics
3rd Year

RITESH KUMAR SAH
B.Sc.(H) Zoology
3rd Year

RASHI PANDEY
B.Sc.(Prog.) PSCS
1st Year



RITESH KUMAR SAH
B.Sc.(H) Zoology
3rd Year

ROHAN BAHL
B.Sc.(H) Zoology
3rd Year



SATYABRATA DAS
B.Com.(H)
2nd Year

SATYABRATA DAS
B.Com.(H)
2nd Year

Deen Dayal Upadhyaya College

University of Delhi

Sector 3, Dwarka, New Delhi-110078

Website : https://dducollegedu.ac.in

Email : dducollegeoffice@gmail.com

: principaldducollege@gmail.com

Telephone : 011-25099380, 25099381

Back Cover: Dipanshu

Front Cover: Karan Arora